# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर तीन दिवसीय भव्य समारोह का किया शुभारम्भ। देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा– हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है श्रीराम मंदिर।
- कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माण के दौरान शटरिंग गिरने से अट्ठाइस मजदूर हुए घायल। रेलवे प्रशासन ने जांच के लिये गठित की चार सदस्यीय समिति।
- मेरठ के आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। कहा– भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा निभायेंगे महत्वपूर्ण भूमिका।
- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में खादी महोत्सव 2025 का किया उद्घाटन। कहा– प्रजापति समाज को अप्रैल से जून तक निःशुल्क सौपें जायेंगे गांव के तालाब।
- प्रयागराज महाकुंभ में अध्यात्मिकता, नवाचार, और डिजिटल प्रगति की दिखेगी झलक। आज केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत करेंगे सांस्कृतिक गांव 'कलाग्राम का उद्घाटन।

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव का आज दूसरा दिन है। इस अवसर पर सुबह से रात तक कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। श्रीराम मंदिर को 50 क्विंटल से ज्यादा फूलों से सजाया गया। इससे पहले कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव का शुभारम्भ किया। रामलला का पंचामृत और सरयू जल से अभिषेक किया गया और 56 पकवानों का प्रसाद चढ़ाया गया और महाआरती की गई।

प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शुभकामनायें देते हुए कहा कि सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना रामलला का यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। यह दिव्य, भव्य मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

उधर, अयोध्या के अंगद किला पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि एक साल पहले आज ही के दिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम मंदिर के लिये लोकतांत्रिक तरीके से और संविधान के दायरे में रह कर एक लम्बा आन्दोलन चला। बाइट......

***500 वर्षो का इतिहास और ये इंतजार जिसकी दूरदर्शिता से सम्पन्न हो करके आज इस गौरव की अनुभूति हम सबको हर राम भक्त को करा रही हैं ऐसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति ससे पहले कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए हम सब हृदय से आभार व्यक्त करते है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम मंदिर की स्थापना के बाद अयोध्या में चौमुखी विकास हो रहा है। आने वाले समय में अयोध्या दुनिया का सबसे वैभवशाली नगर बनेगा। बाइट......

***अयोध्या जिस रूप में हम सबके सामने है आप अयोध्या के पास अपना इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, अयोध्या की सड़के त्रेता युग की स्मरण करा रही है फोर लेन, सिक्स लेन की सड़के सरयू मैया के घाट पूरे देश को अपनी ओर आकर्षित करते है। राम जी की पैड़ी अब सरयू जी का जल वहीं पे सड़ता नहीं है, बल्कि एक ओर से आता है दूसरी ओर से वापस सरयू मैया में लौट करके श्रद्धालुओं को पुण्य का लाभ प्रदान कर रहा है।***

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर देशभर से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हुए हैं। चारो तरफ उत्साह का माहौल है। एक रिपोर्ट........

***रामनगरी में उत्साह है, उल्लास है,जय श्री राम की चारों तरफ गूंज है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की यह पहली वर्षगांठ है,इसीलिए देश दुनिया से भक्त अयोध्या पहुंचे हैं,इस खास मौके पर रामलला सोने–चांदी जड़े पीतांबर धारण कर भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव का शुभारंभ किया। प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव के दौरान तीनों दिन 6 लाख श्री राम बीज मंत्र का जाप कर 21 वैदिक आचार्य माहौल को धार्मिकता से सराबोर करेंगे,साथ ही नित्य शाम 6 बजे से 9 बजे तक भगवान रामलला का बधाई गान होगा। इसके अलावा अंगद टीले पर राम कथा प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे,जिनमें आम भक्त शामिल हो सकेंगे,विश्व भर के राम भक्त प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम से जुड़ सकें,इसके लिए दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। तनमय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

**********

प्रदेश के कन्नौज रेलवे स्टेशन पर कल निर्माण कार्य के दौरान शटरिंग गिरने से करीब 28 मजदूर घायल हो गए।

घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और उनका उचित चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बचाव कार्य में सहायता के लिए लखनऊ से राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ) की दो टीमों को भेजा गया, साथ ही एक डॉग स्क्वायड और एक अन्य टीम को मलबे के नीचे फंसे मानव शरीर का पता लगाने के लिए गैजेट और सेंसर के साथ भेजा गया।

कानपुर के कमिश्नर के विजयेंद्र पांडियन ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. 28 लोगों को बचाया गया है जिनमें 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं लेकिन खतरे से बाहर हैं।

भारतीय रेलवे के एनईआर डिवीजन ने एक बयान में कहा कि घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय चार सदस्यीय समिति गठित की गयी है।

**********

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। रक्षामंत्री कल मेरठ के आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों को स्वामी विवेकानन्द के जीवन और आदर्शो से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के युवा अपनी मजबूत इच्छा शक्ति के माध्यम से भारत को एकबार फिर विश्वगुरू का दर्जा दिलाने में पूरी तरह से सक्षम है।

***अपने भारत देश के नौजवानों के अंदर स्ट्रांग विल पॉवर देखने को मिला है समय बदल गया है ये इंडिया ड्रीम का समय है। भारतीय स्वप्न देखने का समय है आज आप अपने इस देश में अपने भारत में रह कर कोई भी स्वप्न देखने चाहते है। देख सकते है। अपने –अपने संकल्प और साधना से आप जैसे नौजवान ही उसे पूरा कर सकते हैं भारत वैश्विक स्तर पर सबसे वाइलेंट स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक के रूप में उभरा है। अपने तीसरे सबसे स्टार्टअप हब के रूप में अपनी जगह बनाई है आज भारत के अन्दर कोर दैन वन लाख ट्रिलियन स्टॅार्टअप इस तरह काम कर रहे है।***

इस अवसर पर रक्षामंत्री ने समारोह में लगभग चार हजार छात्र–छात्राओं को उपाधियां और पदक प्रदान किये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि माटी कला को बढ़ावा देने के लिये प्रजापति समाज को सोलर और बिजली से चलने वाली चाक दी जा रही है। अब उन्हें अप्रैल से जून तक के लिये गांव के तालाब भी निःशुल्क सौपे जायेंगे, ताकि वे पूरे साल की मिट्टी तीन महीने में एकत्र कर सकें। मुख्यमंत्री ने कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में खादी महोत्सव 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि दीपावली और होली में मिट्टी के बने उत्पादों की मांग बढ़ रही है, ऐसे में प्रजापति समाज को तालाब मिलने से वे अधिक उत्पादन कर सकेंगे और बाजार में बेचकर अच्छी आय प्राप्त कर सकेंगे। श्री योगी ने कहा कि खादी हमारे देश के स्वाभिमान का प्रतीक है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वाधीनता के आन्दोलन को खादी से जोड़ा और अंग्रेजों के उत्पादों का बहिष्कार किया। हमारी सरकार ने पिछले सात साल में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से साढ़े तीन लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ा है। कार्यक्रम में प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे। इस दौरान माटीकला के लाभार्थियों के टूल किट और प्रमाणपत्र भी वितरित किया गया। महोत्सव सत्रह जनवरी तक चलेगा।

**********

प्रयागराज में कल से शुरू हो रहे महाकुंभ में इस बार आध्यात्मिकता, नवाचार, परंपरा और डिजिटल प्रगति की झलक एक साथ देखने को मिलेगी। आयोजन के दौरान साइबर खतरे से निपटने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। महाकुंभ में साइबर पेट्रोलिंग के लिए 56 साइबर विशेषज्ञ तैनात किए गए हैं। धोखाधड़ी वाली वेबसाइट, फर्जी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और फर्जी मोबाइल लिंक जैसे साइबर खतरों के चुनौतियों से निपटने के लिए महाकुंभ साइबर पुलिस स्टेशन की स्थापना की गई है। हेल्प लाइन नम्बर 1 9 2 0 भी जारी किया गया है।

उधर, आज शाम केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत संगम की रेती पर विशेष सांस्कृति गांव 'कलाग्राम' का उद्घाटन करेंगे। बाहर ज्योतिर्लिंगों के आकार में तैयार अनोखो कलाग्राम का उद्देश्य भारतीय लोक कला, संस्कृति और परम्पराओं को जीवन्त मंच प्रदान करना है।

**********